प्रेस नोट

दिनाँक- 07.11.2024

<u>महिलाओं और बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य और पॉक्सो एक्ट के संबंध में बैठक।</u>

आज दिनांक 07 नवम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के नेतृत्व में ए0एच0टी0यू0 तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सभागार रिजर्व पुलिस लाइन हमीरपुर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद के सभी थानों में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारियों और सहायक पुलिस अधिकारियों /कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में महिलाओं और बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर क्राइम और पॉक्सो एक्ट के संबंध में जागरूकता फैलाना और इन मुद्दों पर प्रभावी समाधान व रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने इन गंभीर मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी और पुलिस अधिकारियों को इनसे संबंधित विभिन्न कानूनों, प्रक्रियाओं और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में प्रशिक्षित किया।

अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ लैंगिक हिंसा पर चर्चा करते हुए, यह बताया गया कि किस तरह समाज में लैंगिक भेदभाव और हिंसा को समाप्त करने के लिए पुलिस और प्रशासन को मिलकर काम करना चाहिए।